卐 श्री सद्गुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐ॐ卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 5 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦11 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## गोदाम में आग, लाखों की क्षति

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज दोपहर श्याम टाकीज रोड़ पर स्थित नानक ट्रेडर्स प्रतिष्ठान में शार्ट सर्किट के दमकल विभाग के आये दो वाहनों ने काफी मशक्कत के पश्चात आग पर काबू पाया। इस दौरान मार्ग पर काफी प्रतिष्ठान है। बताया जाता है कि आज दोपहर दुकान के पीछे बने गोदाम में अचानक आग भड़क गई। देखते ही





कारण लगी आग से प्रतिष्ठान में रखा लाखों कीमत का सामान जल कर राख हो गया। मामले की सूचना मिलने पर देर तक यातायात भी बाधित रहा। जानकारी के अनुसार श्याम टाकीज रोड़ पर हरीश घई का नानक ट्रेडर्स नाम से देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे दुकान स्वामी घई सहित काम कर रहे (शेष पृष्ठ 7 पर)

## हादसे में सेना के कैप्टन की मौत

देहरादून(उद संवाददाता)। मंगलवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में सेना के कैप्टन की मौत हो गयी जबकि उनके साथ बैठे एयरफोर्स के एक अधिकारी घायल हो गये। घायल अधिकारी को उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात सेंटीरियो मॉल के पास एक कंटेनर ने कार को टक्कर मार दी। इस दौरान हादसे में सेना के कैप्टन और उनके साथ



बैठे एयरफोर्स के अधिकारी को गंभीर चोटें आ गयी। घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची ओर दोनों को उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया (शेष पृष्ठ सात पर)

## दवाई लेकर लौट रहे युवक की हादसे में मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव



का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया । अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है। जानकारी के मुताबिक गांधीनगर कुंडेश्वरी निवासी संदीप सिंह 24 वर्ष पुत्र हरजीत सिंह मेहनत मजदूरी किया करता है। बताते हैं तबीयत खराब होने के कारण मंगलवार की रात्रि लगभग 8:00 बजे वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर रामनगर स्थित थारी क्षेत्र के एक चिकित्सक से दवाई लेकर वापस घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान मार्ग में वीरपुर लच्छी के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर मृतक (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियां पूर्ण, मुख्य सचिव ने लिया जायजा

अल्मोड़ा/पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जागेश्वर मुख्य सचिव उत्तराखंड शासन एसएस संधू ने जागेश्वर पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 अक्तूबर को जागेश्वर धाम भ्रमण के दृष्टिगत चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य सचिव ने शौकियथल में बने हेलीपैड का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना भी की तथा राज्य वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने जिलाधिकारी विनीत तोमर से प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियों को पूर्ण किया जाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जागेश्वर धाम की देश विदेश में बहुत



मान्यता है उन्होंने कहा कि कुमाऊं के मानसखंड में भी जागेश्वर धाम का विशेष स्थान है, इसलिए इस धाम का मास्टर प्लान भी बनाया जा रहा है जिससे जागेश्वर धाम का जल्द ही जीर्णोधार होगा। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री बहुत लोकप्रिय नेता हैं, इसलिए जब प्रध ानमंत्री जागेश्वर आयेंगे तो यहां के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय लोगों की आर्थिकी में वृद्धि होगीइस दौरान पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड अशोक कुमार ने भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचंद्र राजगुरु को निर्देश दिए कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाए। **पिथौरागढ़**– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनपद पिथौरागढ़ के भ्रमण कार्यक्रम को देखते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव एसएस संधु ने नगर पिथौरागढ़ में जनसभा स्थल एसएस वल्दिया स्पोर्टस स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज लिया। उन्होंने जनसभा स्थल पर मंच , स्टॉल ,सीटिंग अरेंजमेंट ,शौचालय, पेयजल विद्युत ,साउंड सिस्टम आदि विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर हो रहे कार्यों को देखा तथा कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये! कहा कि तैयारियो में किसी भी प्रकार त्रुटियां नहीं रहनी चाहिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी रीना जोशी सहित शासन एवं जनपद स्तर के विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

## विधायक के रिश्तेदार की हत्या के मामले में दो भाई गिरफ्तार

रामनगर(उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम छोई में विधायक दिवान सिंह बिष्ट के रिश्तेदार गोविंद सिंह फर्त्याल की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने गांव के ही दो लोगों को हत्या में प्रयुक्त सामान के साथ गिरफ्तार किया है। हत्या को रंजिश के चलते अंजाम दिया गया। बता दें रविवार कि महिला बीडीसी मेंबर कविता बिष्ट के पिता एवं विधायक दिवान सिंह बिष्ट के रिश्तेदार गोविंद सिंह फर्त्याल का शव घर से ही कुछ दूरी पर स्थित सिंचाई नहर में बरामद हुआ था। मृतक के शरीर पर चोट के निशान से प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा था। इस मामले में मृतक के पुत्र



सौरभ फर्त्याल की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। इस मामले में कोतवाल अरुण कुमार सैनी के नेतृत्व में टीम का गठन घटना के खुलासे के लिए किया गया था इसके बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के साथ ही एसओजी एवं फॉरेंसिक टीम के अलावा डॉग स्क्वायड की मदद से घटना का खुलासा करने की तैयारी की जिसके बाद बुधवार को कोतवाली में अपर पुलिस अधीक्षक के हरबंस सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि कुछ दिन पूर्व मृतक की जमीन पर कुछ पेड़ अज्ञात लोगों द्वारा काट लिए गए थे जिसका शक मृतक ने अपने ही गांव में कुंदन सिंह बिष्ट के भाई संतोष सिंह पर जाहिर किया था। उन्होंने बताया कि इस बात को लेकर मृतक उनके परिवार के साथ गली गलौज कर रहा था। इसके बाद इसी गांव के कुंदन बिष्ट एवं उसके भाई भोपाल सिंह बिष्ट ने गोविंद (शेष पृष्ठ सात पर)

## तीन घरों में चोरों का धावा नगदी और सामान चोरी

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रतापपुर पटिया में अज्ञात चोरों ने तीन घरों में धावा बोलकर 35000 नगद 3 मोबाइल और एक अंगूठी तथा एक जोड़ी पायल पर हाथ साफ कर दिया ।जिसकी सूचना पीड़ितों द्वारा कोतवाली में दी गई है । पुलिस ने तीनों लोगों की दी गई तहरीर पर छानबीन शुरू कर दिए दी है। प्रतापपुर निवासी विनोद पुत्र नरराय,रामप्रवेश पुत्र निहोर ,सूरज कुमार पुत्र मनीराम ने बताया कि गत रात्रि जब वे लोग सो रहे थे तो अज्ञात चोर द्वारा उनके घर से उनके जेब में रखें नगदी तथा तीन मोबाइल सहित एक जोड़ी पायल वह एक सोने की अंगूठी चुरा लिया गया। इस दौरान पीड़ितों ने बताया कि उन्हें किसी प्रकार की भी आहट नहीं हुई ऐसा लग रहा था जैसे वे लोग गहरी नींद में है। चर्चा है कि चोरों द्वारा कोई नींद का स्प्रे प्रयोग किया गया हो। किंतु इस पर कोई भी स्पष्ट रूप से कुछ भी नहीं बता पाया। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत यह दूसरा मामला है। जब एक ही रात चोरों ने तीन परिवारों को निशाना बनाया इससे पूर्व नगर क्षेत्र में दो दुकान तथा तीन घरों को चोरों द्वारा निशाना बनाया जा चुका है। जिस पर पुलिस को अभी तक कोई भी सफलता प्राप्त नहीं हो पाई है ।संभावना व्यक्त की जा रही है की इन सभी प्रकार की चोरियों में एक ही प्रकार के चोर लिप्त हैं।

## दहेज लोभियों ने विवाहिता को घर से निकाला

काशीपुर(उद संवाददाता)। दहेज उत्पीड़न के एक और मामले में लोभी ससुरालयों ने पांच लाख रूपयों की नगदी व कार न मिलने पर विवाहिता को धक्के मारकर घर से बेघर कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर दंपति समेत 6 लोगों के खिलाफ संगीत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच शुरू करदी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर नया आवास विकास काशीपुर निवासी मोनी जाटव उर्फ माही सिंह पुत्री स्वर्गीय हरि नाम सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 की 16 अक्टूबर को उसका विवाह खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई निवासी चेतराम सागर के पुत्र प्रयास सागर के साथ धूमधाम से हुआ। इस दौरान कन्या पक्ष द्वारा सामर्थयनुसार दान दहेज देने के बावजूद विवाहिता का दांपत्य जीवन अधिक दिनों तक सुखी नहीं रह सका। पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने बताया कि शादी की कुछ समय बाद ही पांच लाख की नगदी तथा कार के लिए ससुराल वालों द्वारा उसे बुरी तरह प्रताड़ित किया जाने लगा। विवाहिता ने मायके वालों को अपनी पीड़ा बताते हुए किसी तरह 30 हजार रूपों का इंतजाम कर ससुराल वालों को दिया लेकिन इसके बाद भी उनका रवैया नहीं बदला। कुछ समय तक पीड़िता लोक लाज के कारण सब कुछ सहती रही लेकिन जब पानी सिर से ऊपर निकल गया तो उसने मायके वालों से मदद की गुहार लगाई। विवाहिता का आरोप है कि 2022 की 31 अक्टूबर को पति प्रयास सागर, ससुर चेतराम, सास हरनंदी देवी, निवासीगण खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई के अलावा ममता, किशन उर्फ विद्या राम सागर, तथा सोनू सागर निवासी हाल नया आवास विकास ने आपस में एक राय होकर विवाहिता के साथ गाली गलौज मारपीट करते हुए उसे धक्के मार कर घर से बेघर कर दिया। दिवाली का आरोप है कि 2022 (शेष पृष्ठ सात पर)

## राधा स्वामी सत्संग से चोरी हुआ ट्रैक्टर बरामद

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राधा स्वामी सत्संग से ट्रैक्टर ट्राली चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए चोरी हुआ ट्रैक्टर बरामद कर लिया है। खुलासा करते हुए एसपी सिटी ने बताया कि गौरव कुमार पुत्र हरनन्दन लाल नि0 ग्राम घनेली उत्तरी तह0 मिलक रामपुर ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था किविगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी वह राधा स्वामी सत्संग समागम में प्रतिभाग करने के लिए गांव से लोगों को अपने ट्रैक्टर में लेकर



आया था। ट्रैक्टर को राधा स्वामी सत्संग के गेट न0 07 में स्थित पार्किंग नं0 17 में खड़ा कर सेवा करने लगा। समागम समापन के बाद 4 अक्टूबर को वापस घर जाने हेतु ट्रैक्टर देखा तो ट्रैक्टर पार्किंग में नहीं मिला। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। खुलासे के लिए गठित टीम ने चोरी हुई ट्रैक्टर ट्राली को खमरिया के समीप बरामद कर लिया और चोरी करने वाले बिक्की बजाज पुत्र ठाकुर दास निवासी वार्ड नं0 09 बस अड्डा कालौनी थाना गदरपुर को गिरफ्तार कर (शेष पृष्ठ सात पर)

# नमो की कुमाऊं यात्रा से छाया खुशी का माहौल

## आदि कैलाश पर्वत का दीदार कर जागेश्वर धाम में आध्यात्म की चेतना जगायेंगे पीएम मोदी



## पिथौरागढ़ आगमन पर में सांस्कृतिक दल करेंगे प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत

पिथौरागढ़(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर जनपद पिथौरागढ़ में तैयारियां जोरों पर है जनसभा स्थल पर स्थानीय उत्पादों के स्टॉल भी लगाये जा रहे हैं जिन्हें जनपद पिथौरागढ़ के स्वयं सहायता समूह



द्वारा तैयार किया गया है। इन स्टालो पर स्थानीय फल बेड़ू से बने उत्पाद जैम,चटनी,जूस का भी माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरीक्षण करेगें। प्रधानमंत्री द्वारा इन उत्पादों का जिक्र व प्रशंसा अपने मन की बात कार्यक्रम में भी की गयी है। प्रधान मंत्री के आगमन पर पिथौरागढ़ स्थित जनसभा स्थल पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित होगी जिसकी रिहर्सल में सांस्कृतिक दल लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए नगर का सौन्दर्यीकरण भी जिला प्रशासन द्वारा किया गया है जिसके तहत नगर में मार्गो किनारे स्थित पुस्तों व दीवारों पर कुमाऊंनी संस्कृति की झलक दिखाते चित्रों, स्थानीय प्रसिद्ध धार्मिक स्थल, वन्यजीव आदि को उकेरा गया है।

## ❑पीएमओ ने जारी किया कुमाऊं भ्रमण कार्यक्रम: कल सुबह 9.30 बजे गुंजी गांव पहुंचेंगे,12 बजे अल्मोड़ा से जागेश्वर पहुंचेंगे ❑पिथौरागढ़ में 4200 करोड़ की विकास परियोजनाओं सहित 76 ग्रामीण सड़कों, 25 पुलों का उद्घाटन कर करेंगे जनसभा

नई दिल्ली/ देहरादून(उद ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार (12 अक्तूबर) को देवभूमि उत्तराखंड का दौरा करेंगे और लगभग 4200 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे एवं शिलान्यास करेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी इस वर्ष कुमांऊं मंडल के सीमांत घाटियों मे भ्रमण कार्यक्रम को लेकर क्षेत्रवासियों में खुशी का महौल छाया हुआ है। पीएम मोदी के आगमन को लेकर जहां क्षेत्रवायिों में खुशी का महौल छाया हुआ है वहीं केंद्र सरकार द्वारा विकास योजनाओं की सौगात मिलने को लेकर धामी सरकार भी बेहद उत्साहित है। वह जागेश्वर धाम में पूजा- अर्चना करेंगे और आदि कैलाश के दर्शन करेंगे। इस दौरान वह भारत-चीन सीमा पर सैनिकों से मिलेंगे और पिथौरागढ़ में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ के अनुसार) पीएम मोदी करीब 9.30 बजे पिथौरागढ़ जिले के गुंजी गांव पहुंचेंगे, जहां वे स्थानीय लोगों से बातचीत करेंगे और स्थानीय कला और उत्पादों पर प्रकाश डालने वाली एक प्रदर्शनी का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री वहां तैनात सेना, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कर्मियों के साथ भी बातचीत करेंगे। दोपहर करीब 12 बजे प्रधानमंत्री मोदी अल्मोड़ा के जागेश्वर पहुंचेंगे, जहां वे जागेश्वर धाम में पूजा-अर्चना करेंगे। इसमें कहा गया है कि लगभग 6200 फीट की ऊंचाई पर स्थित जागेश्वर धाम में लगभग 224 पत्थर के मंदिर हैं। इसके बाद पीएम मोदी दोपहर करीब 2:30 बजे पिथौरागढ़ पहुंचेंगे, जहां वे ग्रामीण विकास, सड़क, बिजली, सिंचाई, पेयजल, बागवानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन समेत अन्य क्षेत्रों में लगभग 4200 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित और शिलान्यास करेंगे। पीएमओ के अनुसार, प्रधानमंत्री पीएमजीएसवाई के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बनी 76 ग्रामीण सड़कों और 25 पुलों का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा 9 जिलों में बीडीओ कार्यालयों के 15 भवन, केंद्रीय सड़क निधि के तहत निर्मित कौसानी बागेश्वर रोड समेत तीन सड़कों,धारी-दौबा-गिरिछीना रोड, नगला- किच्छा रोड का उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी के पिथौरागढ़ दौरे की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खुद पिथौरागढ़ पहुंचे और सीएम धामी ने कहा कि ये हमारे लिए खुशी का मौका है कि पीएम उत्तराखंड आ रहे हैं। सीएम धामी ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी का ये उत्तराखण्ड दौरा देवभूमि के विकास को और गति देने के साथ ही प्रदेश के विभिन्न धार्मिक पर्यटन क्षेत्रों को भी वैश्विक स्तर पर नई पहचान देने का कार्य करेगा। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 12 अक्टूबर को प्रस्तावित पिथौरागढ़ भ्रमण के दृष्टिगत तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने नैनी सैनी एयरपोर्ट पर वायुयान लैंडिंग व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने जनसभा स्थल एसएस वल्दिया स्पोटर्स स्टेडियम में मंच व्यवस्था, सीटिंग अरेंजमेंट, साउंड व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, टेण्ट, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं त्रुटि रहित और समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का यह उत्तराखण्ड दौरा देवभूमि के विकास को और गति देने के साथ ही प्रदेश के विभिन्न धार्मिक पर्यटन क्षेत्रों को भी वैश्विक स्तर पर नई पहचान देने का कार्य करेगा। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री श्री गणेश जोशी, सांसद श्री अजय टम्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा, विधायक श्री बिशन सिंह चुफाल, जिलाधिकारी रीना जोशी , मुख्य विकास अधिकारी वरुण चौधरी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अल्मोड़ा से जाने वाले वाले वाहनों के लिये आज रात से ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जनपद के जागेश्वर धाम में वीवीआईपी भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत अल्मोड़ा पुलिस द्वारा जनपद में वाहनों के आवागमन हेतु डायवर्जन प्लान तैयार किया गया है। डायवर्जन प्लान आज दिनांक 11.10.2023 की रात्रि 11:55 बजे से लागू होगा, जो वीवीआईपी भ्रमण कार्यक्रम की समाप्ति तक जारी रहेगा। ट्रैफिक डायवर्जन प्लान निम्नवत है- 1-हल्द्वानी से पिथौरागढ़ को जाने वाले समस्त चारपहिया/दोपहिया वाहन भीमताल-खुटानी- शहरफाटक-लमगड़ा छड़ौजा तिराहा-सुवाखान होते हुए जायेंगे। 2-नैनीताल से पिथौरागढ़ को जाने वाले समस्त चारपहिया/दोपहिया वाहन भवाली-खुटानी- शहरफाटक-लमगड़ा छड़ौजा तिराहा-सुवाखान होते हुए जायेंगे। 3-पिथौरागढ़ से हल्द्वानी/नैनीताल को जाने वाले समस्त चारपहिया/दोपहिया वाहन सुवाखान- लमगड़ा छड़ौजा तिराहा-शहरफाटक-खुटानी-भीमताल होते हुए जायेंगे। 4-पिथौरागढ़ से अल्मोड़ा आने वाले समस्त चारपहिया/दोपहिया वाहन सुवाखान-लमगड़ा होते हुए आयेंगे। 5-अल्मोड़ा/रानीखेत से पिथौरागढ़ को जाने वाले समस्त चारपहिया/दोपहिया वाहन पेटशाल -बमनस्वाल इण्टर कॉलेज के पास से - चामी-गरुड़ाबाज होते हुए जायेंगे। 6-धौलछीना/ बाड़ेछीना/पेटशाल से पिथौरागढ़ को जाने वाले समस्त चारपहिया/दोपहिया वाहन बाड़ेछीना तिराहा-पेटशाल -बमनस्वाल इण्टर कॉलेज के पास से - चामी-गरुड़ाबाज होते हुए जायेंगे। 7-हल्द्वानी /नैनीताल से अल्मोड़ा/बागेश्वर/ताकुला/कौसानी/धौलछीना/सेराघाट को जाने वाले समस्त चारपहिया/दोपहिया वाहन पूर्व की तरह आवागमन करेंगे। जनमानस से अनुरोध है कि उक्त ट्रैफिक डायवर्जन प्लान के अनुसार यात्रा करने का कष्ट करें।





## अजय भट्ट ने जागेश्वर में लिया तैयारियों का जायजा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने जागेश्वर पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 अक्तूबर को प्रस्तावित दौरे को लेकर चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां चल रही तैयारियों की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त कर कार्यक्रम को भव्य बनाने के निर्देश संबंधितों को दिए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश ही नहीं बल्कि विश्व के नेता हैं इसलिए उनके स्वागत के लिए सभी तैयारियां उच्च कोटि की रहें। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जनता बेसब्री से विश्व के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए तैयार है। उनके आने को लेकर बच्चों, बूढ़ों, महिलाओं तथा नौजवानों में भारी



उत्साह देखने को मिल रहा है तथा सभी अपने अपने स्तर पर प्रधानमंत्री का स्वागत करने को आतुर हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा समेत अन्य पदाधिकारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं अल्मोड़ा जागेश्वर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 अक्तूबर को जागेश्वर धाम में प्रस्तावित दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य सभी व्यस्थाओं को लेकर पुलिस अधिकारियों, सुरक्षा जवानों एवं अन्य ड्यूटी में तैनात अधिकारियों की ब्रीफिंग की गई। आर्तोला पार्किंग स्थल में की गई इस ब्रीफिंग में पुलिस महानिरीक्षक नीलेश आनंद भरणे, डीआईजी इंटेलिजेंस राजीव स्वरूप, जिलाधिकारी अल्मोड़ा विनीत तोमर , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा रामचंद्र राजगुरु समेत अन्य अधिकारियों ने ड्यूटी में लगे हुए कार्मिकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सौंपे गए दायित्वों के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए।

## पीएम मोदी के दौरे को लेकर एसपीजी सहित सभी सुरक्षा एजेंसिया हुई अलर्ट

अल्मोड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 अक्टूबर के प्रस्तावित उत्तराखंड दौरे को लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई है। पीएम मोदी की सुरक्षा के दृष्टिगत जागेश्वर में बाहरी लोगों की आवाजाही पर रोक रहेगी। इस दौरान कोई भी पर्यटक यहां नहीं पहुंच पाएंगे।बता दें पुलिस की टीम के साथ-साथ अन्य सुरक्षा एजेंसियों पहले ही स्थानीय लोगों का सत्यापन कर चुकी है। तीन दिनों में स्थानीय लोगों को ही जागेश्वर क्षेत्र और अन्य स्थानों पर आवाजाही करने की इजाजत होगी। 11 अक्टूबर को शौकियाथल से जागेश्वर तक 16 किमी सड़क और जागेश्वर धाम जीरो जोन घोषित होगा। पीएम मोदी के दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन एसपीजी सहित अन्य सभी सुरक्षा एजेंसियां तैयारियों में जुटी हुई है। पीएम की सुरक्षा को देखते हुए मंगलवार से जागेश्वर क्षेत्र में बाहरी लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा। किसी भी बाहरी व्यक्ति को आरतोला से जागेश्वर की तरफ आवाजाही की अनुमति नहीं होगी। बता दें तीन किलोमीटर के इस दायरे में भारी पुलिस बल तैनात रहेगा। जबकि बाहरी लोगों के लिए आवाजाही पूरी तरह से बंद रहेगी।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# रोषित किसानों ने धान तौल के लिए एसएमओ कार्यालय में किया प्रदर्शन

सितारगंज। धान तौल चालू न होने से नाराज किसानों ने एसएमओ ओमनारायण मिश्रा का घेराव कर प्रदर्शन किया। उन्होंने किसानों के शोषण का आरोप लगाया। भाकियू टिकैत के यूपी और उत्तराखंड प्रभारी बलजिंदर सिंह मान के नेतृत्व में किसान मंगलवार को एसएमओ कार्यालय पहुंचे। यहां किसानों ने तौल चालू कराने के लिए प्रदर्शन किया। किसानों ने आरोप लगाया कि क्रय केंद्र केवल औपचारिकता निभा रहे हैं। यहां आरएफसी के तीन तौल केंद्र हैं। वहां रोजाना 1,500 क्विंटल धान की तौल होनी चाहिए लेकिन कुल दो सौ क्विंटल धान खरीदना चिंताजनक है। कहा कि अधिकांश क्रय केंद्र गांवों में हैं। वहां कोई तौल नहीं हो रही है। तौल क्रय केंद्र प्रभारियों का कहना है कि राइस मिल आवंटन के बिना तौल नहीं हो सकती। चेतावनी दी कि बुधवार से धान खरीद नहीं हुई तो किसान आंदोलन करेंगे। सूचना मिलने पर तहसीलदार पूजा शर्मा, नायब तहसीलदार बंदोबस्त जगमोहन त्रिपाठी, मंडी सचिव विनोद पलड़िया भी एसएमओ कार्यालय पहुंचे। उन्होंने किसानों की समस्या सुनकर क्षेत्र के सभी 50 केंद्रों में धान तौल तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने पांच राइस मिल समेत मंडी समेत नकटपुर आदि गांवों में लगाए क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। कहा कि लापरवाह कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति कर डीएम को रिपोर्ट भेजेंगे। वहां भाकियू के प्रदेश महासचिव योगेंद्र यादव, प्रदेश सचिव मलूक सिंह खिंडा, जिला उपाध्यक्ष जसवंत सिंह, जिला प्रवक्ता गुरसाहब सिंह, मंडी के पूर्व चेयरमैन हरपाल सिंह, दिलबाग सिंह, करमजीत गिल, कुलदीप सिंह ढाली आदि थे। वहीं बाजपुर में मंडी समिति परिसर में लगे खाद्य विभाग के तौल केंद्रों पर मंगलवार को 460 क्विंटल धान खरीदा गया। कुल 2,149 क्विंटल धान की खरीद हो चुकी है। भाजपा नेता राजेश कुमार ने कार्यकर्ताओं के साथ धान तौल केंद्रों का निरीक्षण कर किसानों की समस्याएं सुनीं। कहा कि धान तौल केंद्रों पर किसानों को अधिकतम सुविधा दिलाई जाएगी।

# गणेश पूजन के साथ श्रीरामलीला का हुआ शुभारंभ



सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर में भव्य श्रीरामलीला मंचन का शुभारंभ हुआ। मंगलवार की रात शुरू हुये कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता रतन लाल गुप्ता, शिवकुमार मित्तल, रामलीला कमेटी संयोजक राकेश त्यागी एवम वशिष्ठ अतिथियों ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रामलीला कमेटी के संयोजक राकेश त्यागी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी वृंदावन से आये कलाकारों द्वारा श्रीरामलीला का मंचन शुरू किया जा रहा है। जिसको लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल है। रामलीला का मंचन देखने के लिए पहले दिन ही नगरवासी उत्साह के साथ आए हैं। गणेश पूजन के बाद शुरू हुई लीला में कलाकारों ने पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया। सुरक्षा की दृष्टि से ग्राउण्ड में पुलिस बल भी तैनात रहा। इस मौके पर



वरिष्ठ भाजपा नेता शिव कुमार मित्तल, राकेश त्यागी, सभासद रवि रस्तोगी, दीपक गुप्ता, अमित रस्तोगी, सर्वजीत सिंह माटा , आशीष पांडे, पवन अग्रवाल, दीपचंद कौशल, एमपी तिवारी, सुरेश अग्रवाल, शिवपाल सिंह चौहान अनिल गुप्ता, सुमन राय, अनिरुद्ध राय, पवन अग्रवाल, एमपी तिवारी, महिपाल सिंह, सचिन श्रीवास्तव, भीमसेन गर्ग, सतीश उपाध्याय, रूपल अग्रवाल, भगवान सिंह भंडारी आदि मौजूद रहे।

# रूद्रपुर में पर्ची से धान खरीद रही राइस मिल

रुद्रपुर। किसानों के आक्रोश के बाद जिला प्रशासन की ओर से आश्वासन मिलने के बाद मंगलवार को दो राइस मिल में दो किसानों का 300 क्विंटल धान खरीदा। जिले में खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, पीसीयू, एनसीसीएफ की ओर से 202 क्रय केंद्रों पर 72 किसानों से 557.880 क्विंटल धान खरीद हुई है। खाद्य विभाग ने 952. 680 क्विंटल कॉमन, ग्रेड-ए का 28. 440 क्विंटल धान खरीदा गया है। सहकारिता विभाग ने 256.560 क्विंटल कॉमन धान खरीदा है। राइस मिलों (कच्चा आढ़ती) को आरएफसी की ओर से कोड जारी नहीं किए गए। खाद्य विभाग ने वैकल्पिक तौर पर पर्ची के माध्यम से राइस मिल में धान बिकवाया। राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पीडी अग्रवाल ने बताया कि कच्चा आढ़तियों के कोड नंबर के लिए 80 फाइलें आरएफसी को भेज दी हैं। आरएफसी के बीएस फिरमाल ने बताया कि बुधवार को कच्चा आढ़तियों को कोड मिल जाएंगे।

# लाखों के जेवर के साथ तीन शातिर चोर गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी के मुखानी क्षेत्र में घरों में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मुखानी क्षेत्र में घरों में चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को पांच लाख के गहनों के साथ गिरफ्तार किया है। बीते दिनों हल्द्वानी के मुखानी क्षेत्र में घरों में चोरी की घटनाएं सामने आई थी। जिसका पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन शातिर चोरों को लाखों के



जेवरों के साथ गिरफ्तार किया है। चोरों के पास से लगभग 500000 के गहने बरामद हुए हैं। 29 सितंबर को आरटीओ रोड उदय लालपुर कुसुमखेड़ा हल्द्वानी निवासी पूर्व पुलिस कर्मी के घर पर चोरी का मामला सामने आया था। पुलिस ने इस चोरी का खुलासा कर दिया है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने चोरी की घटना का खुलासा किया है और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस से पहले भी हल्द्वानी के मुखानी क्षेत्र में घरों में हुई चोरी के मामले सामने आए थे।

# सिडकुल से चोरी हुआ ट्रक बरामद, आरोपी दबोचा

रुद्रपुर। सिडकुल पंतनगर से एक कंपनी के पास खड़ा ट्रक चोरी हो गया। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने ट्रक को सिडकुल से बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी में शामिल दूसरा आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका।मंगलवार को पुलिस कार्यालय में एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि एलाइंस कॉलोनी निवासी सूरज कालरा ने पंतनगर थाने में दी तहरीर में बताया कि उनका चालक ट्रक (यूके06सीए 7447) लेकर एक कंपनी में माल लेने गया था। सोमवार को ट्रक सिडकुल पंतनगर में माइक्रोमैक्स कंपनी के पास से चोरी हो गया। ट्रक की बरामदगी के लिए बनाई तीन टीम ने घटनास्थल के आसपास सहित 50 सीसीटीवी कैमरे खंगाले। मंगलवार सुबह सिडकुल के ऑटोलाइन से ट्रक



बरामद किया गया। ट्रक चोरी के आरोप में ग्राम बम्मनपुरा थाना खजूरिया जिला रामपुर निवासी नाजीर खान को मौके से पकड़ लिया। नाजीर ने बताया कि उसने रेशमबाड़ी निवासी शकील के साथ ट्रक चोरी किया था और उसे यूपी में ले जाकर बेचने की योजना थी। एसपी सिटी ने बताया कि फरार शकील की तलाश की जा रही है। उन्होंने ट्रक बरामदगी में शामिल टीम को 1500 रुपये का इनाम देने की घोषणा की। पुलिस टीम में सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार, धीरेंद्र परिहार सहित अनेक मौजूद रहे।

# वन्यजीव के मांस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

सितारगंज। जौलासाल वन रेंज की टीम ने वन्यजीव काकड़ के मांस के साथ दो आरोपियों को धर दबोचा। वनकर्मियों ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। रेंजर केआर टम्टा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वन दरोगा जितेंद्र सिंह, गणेश चंद्र ने वनारक्षी अरुण कुमार और सूरज कुमार के साथ ग्राम दीयां, पोस्ट बिरिया मझोला निवासी प्रदीप सिंह और मोहन सिंह को गिरफ्तार किया। प्रदीप के कब्जे से काकड़ का डेढ़ किलो कच्चा मांस और मोहन के घर से करीब डेढ़ सौ ग्राम पका मांस बरामद हुआ। बताया कि आरोपियों के कब्जे से फंदा बनाकर शिकार करने में प्रयुक्त क्लच वायर भी मिली। इन दोनों के खिलाफ रेंज कार्यालय में भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम यथा संशोधित 2022 की धारा 51 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई। उनका चालान कर खटीमा कोर्ट में पेश किया गया। वहां से दोनों को हल्द्वानी उप कारागार भेज दिया गया। रेंजर ने बताया कि काकड़ संरक्षित वन्यजीव है। आरोपियों से बरामद मांस के नमूने जांच के लिए चंद्रबनी देहरादून की विधिविज्ञान प्रयोगशाला में भेजे गए हैं।

सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम GULNAJ JAHAN से बदलकर GULNAZ रख लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए ।

गुलनाज पत्नी शाकिर अहमद
वार्ड 5 किच्छा उधमसिंहनगर

# मुलायम सिंह की पुण्यतिथि पर सपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धाजलि

काशीपुर(उद संवाददाता)। धरतीपुत्र मुलायम सिंह की प्रथम पुण्यतिथि के मौके पर यहां बड़ी तादाद में एकजुट हुए सपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार गुप्ता के पॉलिटेक्निक रोड स्थित कैंप कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रसाद पोखरियाल, मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव व जिला अध्यक्ष रवि छाबड़ा के संयुक्त नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक तथा उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री रहे दिवंगत मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान आयोजित बैठक में पार्टी के महानगर अध्यक्ष डॉ राजीव गुप्ता ने कहा कि धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव का राजनैतिक सफर बहुत संघर्षमय रहा। उन्होंने जहां एक ओर समाजवादी पार्टी की स्थापना करने के बाद समाज के बीच मजबूत तरीके से पहचान दिलाने



में अहम भूमिका निभाई वहीं दूसरी ओर देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए तमाम ऐसे विकास कार्यों का खाका तैयार करते हुए उन्हें मूर्त रूप दिया जिसे इतिहास कभी भुला नहीं सकता। प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रसाद पोखरियाल ने मुलायम सिंह यादव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुलायम सिर्फ एक नाम ही नहीं वह एक विचारधारा थे जो अपने जीवन में हर धर्म हर वर्ग हर जात के समुदाय के लोगों की आकांक्षाओं का प्रतीक बने। शंभू प्रसाद पोखरियाल ने कहा कि देश की जनता ने उन्हे नेताजी के नाम की उपाधि दी थी जो आज तक किसी नेता को नहीं मिली। इसी तरह अरविंद यादव ने कहा की नेताजी किसी वर्ग विशेष की राजनीति नहीं करते थे वह सर्वधर्म सर्व समाज व सर्व हित की लड़ाई के लिए हमेशा संघर्ष करने वाले नेता रहे। ऐसे ही पार्टी के जिला अध्यक्ष रवि छाबड़ा ने कहा कि स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लेते हुए उत्तराखंड में उनकी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का प्रण लिया है। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के महानगर अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार गुप्ता, प्रदेश सचिव अमरदीप सिंह सिद्धू,डॉक्टर रजी अब्बासी प्रदेश सचिव यूथ ब्रिगेड आकाश यादव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद नाजिम सैफी नईम चौधरी, इबले हसन नावेद मलिक सुखविंदर कौर परमजीत अतीक सलमानी राजकुमार यादव सचिन कंबोज व पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवैध खनन में डंपर सीज

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। अवैध खनन सामग्री ले जा रहे डंपर कोवन विभाग की टीम ने सीज कर दिया। प्रभागीय वनाधिकारी तराई पुर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी एवं उप प्रभागीय बनाधिकारी के दिशा निर्देशन में वन अपराध नियत्रंण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत वन सुरक्षा दल ने किच्छा के समीप सिरैली कला मार्ग के पास वाहन संख्या यूके 06सीसी0448 को आते देख जांच हेतु रोकने का इशारा किया ।। टीम को देख कर वाहन चालक विपरीत दिशा मे वाहन को खड़ा करके भाग गया। वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में लगभग 400 कुंटल बजरी लदी पायी गयी। अवैध बजरी संबंधित



आवश्यक कोई भी वैध प्रपत्र मौके पर वाहन में नहीं मिले। वाहन को टीम द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेकर विभागीय संसाधानो की सहायता से अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु बाराकोली रेंज के शक्तिफार्म वन परिसर में सुरक्षित खड़ा कर दिया है। टीम में निर्मल रावत वन दरोगा , सोनू कुमार वन आरक्षी, नरेंद्र पाण्डेय वन आरक्षी, चंदन सिंह मौजूद थे।

# समृद्ध भारत में टेक्नोलॉजी का सबसे बड़ा योगदान : राज्यपाल



- वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में एस सोमनाथ अध्यक्ष (इसरो) को डीलिट की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया
- विभिन्न स्नातक/परास्नातक के 54 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक व 51 छात्र-छात्राओं को रजत पदक और 59 पी.एच.डी. शोधार्थी छात्रों को उपाधियों से नवाजा



देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को वीर माधो सिंह भण्डारी, उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग किया। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा विभिन्न स्नातक /परास्नातक के 54 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक व 51 छात्र-छात्राओं को रजत पदक और 59 पी.एच.डी. शोधार्थी छात्रों को उपाधियों से नवाजा गया। वहीं महिला प्रौद्योगिकी संस्थान से बी0टेक0 इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग शाखा की छात्रा हर्षिता शर्मा द्वारा बी0टेक0 में विश्वविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए जिन्हें "श्रीमती विनोद देवी अग्रवाल मेमोरियल गोल्ड मेडल" से भी सम्मानित किया गया है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय कार्य परिषद की संस्तुति पर एस सोमनाथ, अध्यक्ष भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को डीलिट की मानद उपाधि एवं पदमश्री प्रो एच0सी वर्मा रिटायर्ड प्रोफेसर आईआईटी कानपुर को डीएससी की मानद उपाधि से अलंकृत किया। दीक्षांत समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने सभी मेडल और डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के आदर्श वीर माधो सिंह भण्डारी हैं जो हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनकी महान वीरता, तकनीकी कुशलता, दृढ़ संकल्प और कुशलता को हम आज भी याद करते हैं। राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपको डिग्री और मेडल अर्जित करने के योग्य बनाने में आपके परिश्रम, आपकी दृढ़ता और प्रतिबद्धता का भी बहुत बड़ा योगदान है। आज से आपके जीवन में नयी संभावनाओं के नये द्वार खुल गये हैं। यह समय आप सभी को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने का है। उन्होंने कहा कि भारत और पूरा विश्व आपकी प्रतिभा को नये प्रतिमान देने के लिए प्रतीक्षा कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे युवा अनेक प्रतिष्ठित पदों पर नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जावान युवाओं की प्रतिभा के बल पर ज्ञान, कौशल और मूल्यों के साथ विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने की दिशा में आगे बढ़ने का समय है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को अपने सम्बोधन में कहा कि आप जैसे ऊर्जावान युवाओं की प्रतिभा के बल पर ज्ञान, कौशल और मूल्यों के साथ विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ने का समय है और विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, कुशल भारत, समृद्ध भारत के लक्ष्यों को पूरा करने में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और टेक्नोलॉजी का सबसे बड़ा योगदान रहने वाला है। उन्होंने कहा इसरो के अध्यक्ष एस0 सोमनाथ और पद्मश्री प्रोफेसर एच.सी. वर्मा को मानद उपाधि यां प्रदान करना मेरे लिए बहुत ही सुखद और गौरवशाली क्षण हैं। राज्यपाल ने कहा कि इसरो द्वारा हाल ही में जो गौरवपूर्ण उपलब्धियां हमें दी हैं वह अभूतपूर्व हैं। पदमश्री प्रो0 एच0सी0 वर्मा द्वारा भौतिकी में ज्ञान-विज्ञान का जो साझा मिश्रण किया है वह काबिले तारीफ है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय राज्य में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने के लिए कठोर परिश्रम कर रहा है और आगे उन्होंने एक और महत्वपूर्ण निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि इस वर्ष से विश्वविद्यालय अंग्रेजी और हिन्दी के साथ ही संस्कृत भाषा में भी अपनी उपाधियां/डिग्रियां अंकित कर रहा है। जिसके लिए राज्यपाल द्वारा कुलपति प्रो0 ओंकार सिंह और उनकी पूरी टीम की सराहना की गई। इस अवसर पर प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री, सुबोध उनियाल ने छात्रों को रोजगार तलाशने की बजाय स्वरोजगार के अवसरों को अपनाने तथा दूसरों को रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए रोजगार देने वाले इंजीनियर के रूप में अपने आप को साबित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हमे वर्तमान प्रतिस्पधा के युग में अपनी प्राचीन सभ्यता व संस्कृति को बचाये रखने की ओर भी ध्यान देने की जरूरत है। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश सरकार दृढ़ संकल्पित है। समारोह में अपर सचिव, तकनीकी शिक्षा, स्वाति भदौरिया ने भी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की बधाई व शुभकामनाएं देते कहा कि आप लोगों के लिए आज का दिन बहुत ही अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि आप लोगों से प्रदेश, देश व समाज को बहुत अपेक्षाएं है और जो भी आप लोग करें उसमें अपना बेस्ट करें। उन्होंने कहा कि जो समय निकल जाता है वह फिर लौट कर नहीं आता है। आप सभी प्रदेश व विश्वविद्यालय के ब्रांड एंबेसडर होंगे ऐसा कार्य करें। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 ओंकार सिंह ने समारोह में उपस्थित सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाईयां देते हुए कहा कि सदैव अग्रगामी सोच रखते हुए आगे बढ़ कर समय प्रबन्धन के साथ कठिन परिश्रम करें, सदैव लक्ष्यों का निर्धारण अपनी क्षमता और अपने दायित्वों के आलोक में करें, जीवन भर, धैर्यपूर्वक सुनने और सीखने की अपनी जिज्ञासु प्रवृत्ति को बनाये रखने की प्रक्रिया को जीवन भर कम न होने दें। विशिष्ट अतिथि पद्मश्री प्रो0 एच0सी0 वर्मा ने दीक्षा ले रहे छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज विश्वविद्यालय प्रांगण से आप जो शपथ लेकर जा रहे हैं उसे याद रखना होगा तथा देश और समाज के लिये कुछ करने का जज्बा अपने अन्दर रखना होगा। उन्होंने कहा कि हमने देखा है कि तकनीकी का जो विकास हमारे देश में हो रहा है वह अद्भुत है। दीक्षांत समारोह में इसरो अध्यक्ष एस0 सोमनाथ द्वारा वीडियो संदेश के माध्यम से विश्वविद्यालय को उत्कृष्ट तकनीकी शिक्षा देने हेतु बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो0 सत्येन्द्र सिंह ने समारोह में उपस्थित समस्त अतिथियों, पदक धारकों, उपाधि धारकों, शिक्षकों, कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए आभार व्यक्त किया। दीक्षांत समारोह में वित्त नियंत्रक श्री बी0के0 जंतवाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ0 वी0के0 पटेल, अन्य विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण/कुलसचिव, निजी संस्थानों के अध्यक्ष/निदेशक, कार्य परिषद् एवं विद्या परिषद् के सदस्यगण, शिक्षकगण आदि उपस्थित रहे।



# आपदाओं से हुयी क्षति के प्रभावों का आंकलन करने के निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राज्य में मानसून अवधि-2023 में घटित आपदाओं से होने वाली क्षति के सापेक्ष शासन को मैंमोरंडम प्रेषित किये जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित गांधीहाल सभागर कक्ष में वीडियो कांफ्रसिंग के माध्यम से जनपद अन्तर्गत आपदाओं



के कारण हुयी क्षति के प्रभावों के समुचित ऑकलन हेतु पोस्ट डिजास्टर नीड्स एसेसमेंट किये जाने हेतु सम्बन्धित रेखीय विभागों के साथ बैठक आहुत की गई। बैठक में सर्वप्रथम प्रशासनिक अकादमी नैनीताल आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ में तैनात डॉ0 प्रियंका त्यागी, रिसर्च आफिसर द्वारा महत्वपूर्ण 7 बिन्दुओं पर परिचर्चा की गई। उनके द्वारा बताया गया कि जनपद में घटित होने वाली आपदाओं से बचाव के लिये पूर्व तैयारी हेतु पोस्ट डिजास्टर नीड्स एसेसमेंट (पीडीएनए)एक बहुत महत्वपूर्ण पहलू है। जिसमें आपदाओं के कारण हुयी क्षति के प्रभावों के समूचित ऑकलन हेतु पीडीएनए को आवास एवं पुर्नवास, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सार्वजनिक परिसम्पत्ति, पर्यटन, जल एवं सफाई व्यवस्था, आधारभूत संरचना, आपदा जोखिम न्यूनीकरण, कृषि, बागवानी एवं भूकटाव कुल 7 भागों में विभक्त किया गया है। उक्तानुसार जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी, उधमसिंह नगर द्वारा जनपद अन्तर्गत पीडीएनए हेतु जनपद का संक्षिप्त विवरण देते हुये बाढ आपदा के दृष्टिगत संवेदनशील व अतिसंवेदन शील स्थलों को जीआईएस मानचित्र के माध्यम से दर्शाते हुये जनपद में सम्भावित आपदाओं के विषय में अवगत कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी, उधमसिंह नगर द्वारा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि वे जनपद अन्तर्गत पीडीएनए हेतु मुख्यत: बाढ आपदा के दृष्टिगत बाढग्रस्त क्षेत्रों का आंकलन व बाढ प्रभावित लोगों को विस्थापित किये जाने हेतु सुरक्षित स्थलों का चयन, आपदा बचाव हेतु प्रभावी रणनीति, जल निकासी व्यवस्था, छोटे-छोटे नालों को बढे नालों से जोडना आदि पर कार्य किया जाये। लो0नि0वि0 द्वारा निर्मित भवनों का निरीक्षण कर आंकलन तैयार किया जाये। समस्त विभागो द्वारा ली जाने वाली सूचना हेतु विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिये प्रशासनिक अकादमी नैनीताल की सहायता से केंद्रीकृत प्रारूप तैयार कर सूचना ली जाये।मुख्य विकास अधिकारी उधमसिह नगर द्वारा बैठक में उपिस्थत समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष को आपदाओं के कारण हुयी क्षति के प्रभावों के समूचित ऑकलन हेतु पीडीएनए रिपोर्ट 01 सप्ताह के भीतर प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये । उक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अशोक जोशी, मुख्य नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर नरेश दुर्गापाल, उपजिलाधिकारी रूद्रपुर मनीष बिष्ट, अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0 रूद्रपुर, मुख्य कृषि अधिकारी, मुख्य उधान अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, उधमसिंह नगर जी0आई0एस0 विशेषज्ञ आदि अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# श्रद्धालुओं ने किए मां वैष्णो दरबार के दर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री दुर्गा यात्रा समिति द्वारा श्री दुर्गा मंदिर रुद्रपुर से 32वी मां वैष्णो दरबार यात्रा के दौरे गत दिवस श्रद्धालुओं ने कटरा में माँ वैष्णो माता जी के खुले दर्शन किये। दुर्गा यात्रा समिति के संयोजक वेद ठुकराल ने माँ वैष्णो दरबार का ध्वज ओर माता की चुन्नी ढोल मास्टर नजीर सिंह के द्वारा अर्पित की गई।उनके साथ सभी भक्त माता के जयकारे ओर माता रानी के भजन गाते हुए झूमते



नाचते हुए माँ के दरबार मे गये। दर्शन करने वालो में यात्रा संयोजक वेद ठुकराल, महंत राजीव ठक्कर, किशन मेहता, विक्की कक्कड़, प्रवक्ता पवन गाबा पल्ली, मोहित बत्रा, कथा वाचक लाडली, गीता कुशवाह , राजीव गौड़ , अमित दुआ, अंशु कक्कड़ ,काका नारंग, किशन सुखीजा ,विपिन अरोरा , पंकज शर्मा ,नजीर सिंह ,रीता मेहता , एकता दुआ, ठाकुर ओम वीर सिंह ,सुनीता सिंह , गीता सुखीजा , अशोक चोपड़ा , राजेन्द्र अग्रवाल, भावना सचदेवा, गीतिका सचदेवा, राम राजदेव, ऋषभ दुनेजा , रोहित ,राकेश मण्डल, सौम्या ,कपीश ,ओम सचदेवा आदि माता के भक्त थे।

# धूमधाम से मनाया एनडीआरएफ का स्थापना दिवस

गदरपुर(उद संवाददाता)। 15वीं वाहिनी एन०डी०आर०एफ० ने अपना चतुर्थ स्थापना दिवस वाहिनी प्रागंण, सहकारी चीनी मिल गदरपुर में बड़े उत्साह एवं धूम-धाम से मनाया गया। खेल-कूद कार्यक्रम का आयोजन। जिसमें नगर के कई स्कूलों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत कर धमाल मचाया। कार्यक्रम के प्रारंम्भ में छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की गयी। इस लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। समारोह में मेले का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के गेम्स स्टॉल जैसे कि रिंग थ्रो, कार्ड गेम, ट्रांसफर बॉल विद स्पून, ट्रांसफर वॉल विद कप टावर, स्लो साईकिल रेस, जलेबी रेस, स्पून लेमन रेस का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर वाहिनी के डॉ शैलेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रोहिताश्व मिश्रा, उप सेनानी,





इस कार्यक्रम का प्रारम्भ सुदेश कुमार दराल, सेनानी 15वीं वाहिनी एनडीआरएफ द्वारा सलामी लेकर की गई। सेनानी द्वारा 15वीं वाहिनी के सभी रेस्कुअर्स एवं उनके परिवारजनों को इस अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाये दी गई। इसके अतिरिक्त सेनानी सभी रेस्कुअर्स को भविष्य में किसी प्रकार के आपदा से निपटने के लिए उत्साहवर्धन हेतु संदेश दिया। श्रीमती मंजू बाला, चौयरमेन, रेस्कुअर्स वेलफेयर एसोसिएशन, 15वीं वाहिनी एनडीआरएफ द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक एवं अवसर पर वाहिनी में तैनात पदाधिकारियों के बच्चों द्वारा ग्रुप/सोलो डॉस, गीत गायन की प्रस्तुति की गयी। इसके अतिरिक्त वाहिनी के पदाधिकारियों द्वारा भी गढवाली, कुमाउनी एवं पंजाबी, द बॉल ऑवर वाटर ग्लास, डार्ट बोर्ड गेम एवं विभिन्न खाद्य पदार्थो के फूड स्टॉल इत्यादि स्थापित किये गये। उपरोक्त के अतिरिक्त मेले में विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल प्रति योगिताओं जैसे भूपेन्द्र कोटनाला, सहायक सेनानी (कार्यालय) मनोज जोशी, सहायक सेनानी ( अभियन्ता), निरीक्षक अमृत लाल मीणा, एवं निरीक्षक सुशील कुमार उपस्थित रहें।

# महापौर ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम द्वारा वार्ड 58 और वार्ड 60 बरेली रोड स्थित धानमिल में चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान का महापौर डॉ. जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला ने स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि नगर निगम के सम्पूर्ण क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। यूहोंने सभी नगर निवासियों से अपील की है कि नगर निगम क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने के महान कार्य में अपना अमूल्य योगदान दें। उन्होंने कहा कि घर का कूड़ा डस्टबिन में एकत्रित कर निगम के कूड़ा संग्रह वाहन में ही डालें। घर के आस पास सफाई व्यवस्था बनाए रखने से संक्रामक रोगों से भी सुरक्षित रहा जा सकता है। श्री रौतेला ने अभियान में जुटे निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वह स्वयं अभियान पर नजर रखे हुए हैं। अभियान में जो भी व्यक्ति लापरवाही बरतेगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।



# हल्द्वानी की टीम ने चंपावत को 4-2 से हराया

खटीमा(उद संवाददाता)।लोहिया हेड फुटबॉल ग्राउंड में सूबेदार शेर सिंह धामी की स्मृति में द्वितीय फुटबॉल टूर्नामेंट मैच हल्द्वानी एवं चंपावत के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में हल्द्वानी की टीम ने चंपावत की टीम को 4-2 से हराकर पहला मैच अपने नाम किया। मैच का उद्घाटन किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला तराई विकास संघ के अध्यक्ष गोपाल बोरा, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी एवं नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता भवानी भंडारी पूर्व मंडल महामंत्री अजय मौर्या, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जिला अध्यक्ष महिला बिमला मंडेला, रेनू भंडारी, इंदरचंद, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु बिष्ट, गोविंद मेहता, अमित कुमार पांडे, पूर्ति निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह धामी, कामिल खान, गंभीर सिंह धामी, राहुल सक्सेना, रणदीप पोखरिया, अनीता ज्याला, मेहताब राजा, उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन सागर सिंह धामी ललित सिंह कमल धामी एवं विक्की सामंत ने किया।



# मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन जन जन के लिए अनुकरणीय: हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने राम लीला का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री



राम मात्र हिंदुओं के ही नहीं, मात्र भारतवर्ष के ही नहीं, संपूर्ण ब्रह्मांड के नायक हैं। जन जन के लिए उनका जीवन चरित्र अनुकरणीय एवं अनुसरणीय है। माता-पिता की आज्ञा पालन, भाई भाई का प्यार, गुरु की सेवा, आज्ञा पालन व अनुसरण, समाज के पिछड़े व उपेक्षित वर्ग को गले से लगाना, मित्रता निभाना, धर्म की स्थापना के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर देना, अधर्म के विनाश के लिए सदैव तत्पर रहना, अधिकार की लड़ाई नहीं बल्कि कर्तव्य पालन के लिए तत्परता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम के दिव्य प्रेरणा संदेश उपदेश जिन्हें जीवन में अपनाकर व्यक्ति सच्चे अर्थों में एक इंसान बन सकता है। उसके अंदर मानवता, सुहृदयता, उदारता, परोपकार, दयालुता,करुणा, शील, इत्यादिक दिव्य गुणों का प्रादुर्भाव होता है। उन्होंने सभी का आवाहन किया कि हम शान्ति का साम्राज्य स्थापित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। श्री महाराज ने उपस्थित बड़ी संख्या में भक्तों से अनुरोध किया कि हम सभी इस पवित्र भूमि व महान भारत राष्ट्र की मर्यादाओं, मूल्यों व व ऋषियों के मार्गदर्शन को अपनायें व अपनी पहचान को कभी खोने की कोशिश ना करें। इससे पूर्व श्री महाराज ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित करके श्री राम लीला का उद्घघाटन किया। श्री महाराज जी के स्वागत करने वालों में बड़ी संख्या में भक्तों के अलावा ब्लॉक प्रमुख गुरताज भुल्लर, सचिन बाठला, प्रधान अंशिका बाठला, रूपेश बाठला, विजय मक्कड़, रामलीला समिति के पदाधिकारी, दुर्गापुर व किलावली के अनेक गणमान्य लोग आदि उपस्थित रहे ।

# राजस्व वसूली में लायें तेजी: डीएम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय संवर्द्धन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने खनन, आबकारी, जीएसटी, विद्युत, जिला विकास प्राधिकरण, सिचाई, स्टाम्प, आरटीओ, वन, पर्यटन विभागों की राजस्व वसूली की विस्तार से समीक्षा की। उन्होने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्व प्राप्ति एवं संसाधन वृद्धि हेतु



तहसीलों से समन्वय स्थपित कर वसूली में तेजी जाये। उन्होने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि तहसीलों में अमीनो से समन्वय बनाते हुये जारी की गयी आरसी व वसूली की रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होने खनन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ नोटिस जारी करने के उपरांत भी उनके द्वारा पैसा जमा नही किया गया है तो सम्बन्धित क्षेत्र के एसडीएम व तहसीलदारों से समन्वय स्थापित करते हुये उनको चिन्हित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होने उप निबन्धक स्टाम्प को निर्देश दिये कि कितने आरसी पुरानी है जिनकी अभी तक वसूली नही हो सकी है और कितने पर कोर्ट से स्टे है। उन्होने सम्बन्धित विभाग को निर्देश दिये कि राजस्व वसूली की रिपोर्ट प्रत्येक सप्ताह प्रस्तुत करें। उन्होने कहा कि सम्बन्धित विभागों की भी जिम्मेदारी है कि तहसीलदारों से समन्वय बनाते हुये राजस्व की वसूली करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, प्रभारी अधिकारी कलेट्रेट, गौरव पाण्डेय, उप निदेशक खनन दिनेश कुमार, सहायक आयुक्त स्टाम्प सुधांशु त्रिपाठी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## विधानसभा चुनावों की तैयारी

पांच विधानसभाओं के चुनाव की तारीखें घोषित हो गई हैं। छत्तीसगढ़ को छोड़ कर बाकी सभी राज्यों में एक ही चरण में मतदान कराए जाएंगे। हालांकि दो राज्यों में मतदान की तारीखें अलग-अलग हैं। सात नवंबर को पहला मतदान होगा। उस दिन मिजोरम और छत्तीसगढ़ में मतदान होंगे। सत्रह नवंबर को छत्तीसगढ़ के दूसरे चरण के लिए और मध्यप्रदेश में मतदान होंगे। उसके एक-एक हफ्ते के अंतर पर राजस्थान और तेलंगाना में मतदान होंगे। नतीजे तीन दिसंबर को आएंगे। इस तरह कुल छब्बीस दिनों में चुनाव संपन्न होंगे। राजनीतिक दल इसके लिए पहले से तैयारी में जुट गए थे। तमाम बड़े नेताओं, मंत्रियों आदि की रैलियां महीना भर पहले से होने लगी थीं। जाहिर है, मतदान की तारीखें घोषित होने के बाद अब सरगर्मी और बढ़ जाएगी। राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर बताई जा रही है। विपक्षी दल एकजुट हैं। इस तरह इन चुनावों में सरगर्मी कुछ अधिक रहने की संभावना है। हर राजनीतिक दल के बड़े नेता चुनाव प्रचार में उतरेंगे। इसलिए भी सुरक्षा कारणों से निर्वाचन आयोग ने मतदान को इतनी लंबी अवधि में फैलाने का फैसला किया होगा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में हमेशा अतिरिक्त सुरक्षा की जरूरत रहती है। कोशिश की जाती है कि उन इलाकों में लोग अधिक से अधिक संख्या में घरों से निकलें और अपने मताधिकार का उपयोग करें। इसलिए भी वहां दो चरण में मतदान का फैसला किया गया। हालांकि जबसे मशीनों से मतदान कराए जाने लगे हैं, तबसे अपेक्षा की जाती है कि मतदान और नतीजों के बीच की अवधि कम से कम रहे। कम से कम चरणों में मतदान कराए जाएं। मगर मशीनों के उपयोग के बाद भी निर्वाचन आयोग इस अपेक्षा पर खरा नहीं उतर पाता। पिछले कई चुनावों से देखा जा रहा है कि जब भी कई राज्यों के चुनाव एक साथ कराए जाते हैं, तो मतदान की तारीखों में लंबा अंतर रखा जाता है। कई बार मतगणना तक महीने भर से अधिक का समय लग जाता है। इससे कई तरह की उलझनें पैदा होती हैं। कई चुनाव विशेषज्ञ इसे उचित नहीं मानते। पांच राज्यों के चुनाव अधिकतम दो दिनों में बांटे जा सकते थे, जिससे खर्च कम बैठता और राजकीय अमले को लंबे समय तक नाहक अफरातफरी के माहौल में नहीं फंसे रहना पड़ता। जहां मतदान सबसे अंत में होगा, वहां सबसे लंबे समय तक चुनाव प्रचार चलेगा और स्वाभाविक ही वहां के प्रशासनिक कामकाज में बाधा आएगी। इस तरह चुनाव की तारीखों को लंबे समय तक फैलाने के पीछे अक्सर निर्वाचन आयोग का तर्क होता है कि सुरक्षा कारणों की वजह से उसे ऐसा फैसला करना पड़ा। मगर जब लोकसभा चुनाव भी लगभग इतने समय में संपन्न करा लिए जाते हैं, तो पांच राज्यों के चुनाव में भला सुरक्षाबलों की तैनाती में ऐसी क्या अड़चन आ सकती है। चुनाव के लंबे समय तक फैले होने से विपक्षी दलों को निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाने का मौका मिल जाता है। फिर, जहां पहले चरण में चुनाव होगा वहां की मतपेटियों की सुरक्षा के लिए लंबे समय तक पहरा बिठा कर रखना पड़ेगा। एक राज्य के मतदाताओं के रुझान को दर्शा कर दूसरे राज्य के मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिशें तो होंगी ही। निर्वाचन आयोग की कुशलता इस बात से भी आंकी जाती है कि वह कितने कम समय में चुनाव संपन्न कराता है।

# देवलोक से भारत वर्ष की पावन पर आई है संस्कृत भाषाः स्वामी धर्मदेव

## जनपदीय संस्कृत प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संस्कृत भाषा सैकड़ों वर्ष पूर्व देवलोक से भारत वर्ष की पावन भूमि पर आई है। संस्कृत के श्लोकों पर आधारित विज्ञान आज विकास की बुलंदियों को छू रहा है। यह बात महा मंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज ने आज भंजूराम अमर इंटर कालेज में उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी देहरादून के द्वारा संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु संस्कृत प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करने के पश्चात अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि देश में वर्ष 1920 में स्वामी अमरदेव जी ने सर्वप्रथम संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना की। आज यह भाषा जन जन तक पहुंच गई है। उन्होंने संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए उत्तराखण्ड सरकार की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को अपना आशीर्वाद दिया और उन्होनें छात्रों से आग्रह किया कि संस्कृत हमारी सभी भाषाओं की जननी है इस तरह की प्रतियोगिताओं से अपनी भाषा के प्रति लोगों का रूझान बढ़ेगा और संस्कृत भाषा समाज में भाई-चारा और प्रेम बढ़ाना का माध्यम बनेगी। हमारी भाषा में ही वसुदेव कुटुम्बकम् की मूल भावना निहित है हम सारे संसार को अपना परिवार मानते हैं इस तरह के भाव किसी अन्य भाषा में नहीं पाया जाते हैं। उन्होंने कहा राष्ट्रीय भाषा हिंदी संस्कृत की ही बेटी है। स्वामी धर्मदेव जी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को अपना आर्शीवाद दिया। अपने संबोधन में समाजसेवी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारत भूषण चुघ ने कहा की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त करना इतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना। उन्होंने श्री महाराज जी से यहां संस्कृत महाविद्यालय स्थापना करने का आग्रह किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एन एल गंगवार ने कहा कि प्रतियोगिता





का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। इसी क्रम में जनपद ऊधम सिंह नगर की जनपदीय प्रतियोगिता आज से भंजूराम अमर इण्टर कॉलेज, भूरारानी में किया जा रहा है। जिसमें वरिष्ठ व कनिष्ठ दो वर्ग होगें। वरिष्ठ व कनिष्ठ वर्गो में छः प्रकार की प्रतिस्पर्धाऐं होगी। जिसमें संस्कृत नाटक, संस्कृत समूहनृत्य, संस्कृत समूहगान, संस्कृत आशुभाषण, संस्कृत वाद-विवाद व श्लोकोच्चारण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता मे जनपद के सात ब्लाकों के 87 विद्यालयों के बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक शसुभाष चन्द्र मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के प्रबन्धक सुरेश गांधी, सरस्वती वि०म० के प्रधानाचार्य नीरज अग्रवाल, अनझाकों के दयाशंकर पाण्डेय, खण्ड शिक्षा अधिकारी डा. राजेंद्र प्रसाद, पूर्व सी एम ओ डा. पी एन सिंह, सह संयोजिका डा. किरण बाला पाण्डेय, अनीता पंत, राजकुमुद पाठक, मनोज जोशी, नीना गुप्ता, कमला पांडेय, शोभा जायसवाल, शिवाश्रय ठाकुर, डा. देवेश गंगवार, मोतीराम साहू, राज कोली, अमित गौड आदि उपस्थित थे। अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य एनएल गंगवा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्राथमिक कृषि ऋण समितियों में आर्थिकी को बढ़ाने की अपार सम्भावनाएं : एसएस संधू

## प्रत्येक जनपद में अन्न भण्डारण हेतु भूमि चयनित कर पैक्स को आवंटित की जाए

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में सहकारिता विभाग के तहत प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के सम्बन्ध में



बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के माध्यम से प्रदेश के गरीब तबके की आर्थिकी को बढ़ाया जा सकता है। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को पैक्स के कम्प्यूटराइजेशन कार्य को शीघ्र पूर्ण किए जाने और जनपद की सभी पैक्स का निरीक्षण किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तरीय निगरानी एवं कार्यान्वयन समितियों के अंतर्गत पैक्स की समीक्षा किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पैक्स को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराकर छोटे किसान, गरीब मजदूरों को सीधे लाभ प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गैस वितरण एजेंसियों और पेट्रोल पम्पों आदि आवंटन में पैक्स को वरीयता दी जाए। उन्होंने पैक्स द्वारा निधारित तिथि तक आवेदन कराए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि केन्द्र सरकार की विकेन्द्रीकृत अन्न भण्डारण योजना के तहत प्रत्येक जनपद में अन्न भण्डारण हेतु भूमि चयनित कर पैक्स को आबंटित की जाए। पैक्स को इसके संचालन के लिए अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि इसमें स्वयं सहायता समूहों को भी शामिल किया जाए। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के खरीद और वितरण में भी पैक्स को शामिल किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पैक्स के माध्यम से खरीद कर वितरित करना और अन्न भण्डारण गृहों में रखे जाने से ये प्रक्रिया आसान हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बिचौलियों को भी दूर रखा जा सकेगा और लाभ सीधे स्थानीय पैक्स सदस्यों और किसानों को होगा।मुख्य सचिव ने प्रदेश के खाली पड़े स्कूलों एवं सरकारी भवनों को आवश्यकता के अनुसार सहकारिता विभाग को हस्तांतरित करते हुए पैक्स के उपयोग हेतु कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों का संचालन भी पैक्स के माध्यम से कराए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इसके लिए बेरोजगार फार्मासिस्टों की जानकारी राज्य की फार्मासिस्ट काउंसिल से लेकर फार्मासिस्टों को इससे जोड़ने के साथ ही ड्रग लाईसेंस उपलब्ध कराया जाए। साथ ही सभी सरकारी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों के लिए स्थान उपलब्ध कराया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि जिला सहकारी विकास समितियों की लगातार समीक्षाएं आयोजित कर इसे बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि पैक्स को मजबूत करके हम प्रदेश के आम आदमी को मजबूत कर सकते हैं, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों में आर्थिकी को बढ़ाने की अपार सम्भावनाएं हैं। इससे होने वाला लाभ सीधे समिति के सदस्यों में बराबर वितरित होता है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, सचिव श्री दिलीप जावलकर, डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरूषोत्तम एवं श्री दीपेन्द्र कुमार चौधरी सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# केंद्र सरकार ने दिए तिब्बती पुनर्वास नीति को प्रख्यापित करने निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में तिब्बती पुनर्वास नीति के संबंध में बैठक के दौरान राज्य सरकार के सभी विभागों को एक सप्ताह के भीतर तिब्बती पुनर्वास नीति पर अपनी आख्या अथवा अनापत्ति प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। एसीएस ने कहा कि गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राज्य सरकार को तिब्बती पुनर्वास नीति को प्रख्यापित करने के निर्देश दिए गए हैं। भारत सरकार एवं राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तिब्बती नागरिकों को मिल सके इसके लिए तिब्बती पुनर्वास नीति को प्रख्यापित किया जाना आवश्यक है। बैठक में विशेष सचिव गृह विभाग सुश्री रिद्धिम अग्रवाल, सुश्री निवेदिता कुकरेती, निदेशक संस्कृति सुश्री बीना भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट देहरादून श्री प्रत्यूष सिंह, अन्य सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, सेन्ट्रल तिब्बतन वेलफेयर ऐसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पट्टे आवंटित करने के लिए सौंपा ज्ञापन

किच्छा(उद संवाददाता)। गडरिया बाग मे इंद्रा आवास योजना के तहत आवंटन के बाबजूद भी पट्टे दिए जाने के बाबजूद भूमि का कब्जा ना दिए जाने को लेकर गडरिया बाग के निवासियों ने उप जिलाधिकारी कोस्तुभ मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार द्वारा गडरिया बाग में 29 भूमिहीनों को इंदिरा आवास योजना के तहत पट्टे आवंटित किए गए थे किंतु अभी तक उन लोगों को भूमि पर कब्जा नहीं दिया गया है जबकि अतिक्रमण के दौरान उनके द्वारा बनाए गए घरों को हटा दिया गया है ऐसी स्थिति में वे लोग खुले आसमान के नीचे जी रहे हैं ज्ञापन देने वालों ने मांग की है कि शीघ्र ही पट्टों के अनुसार उन्हें भूमि पर कब्जा दिया जाए जिससे वह अपना आवाज बनकर जीवन यापन कर सकें। उप जिलाधिकारी ने कहा कि जल्दी ही इस पर कार्यवाही की जाएगी। ज्ञापन देने वालों शरीफ अहमद, नरेश सक्सेना, इलियास अहमद, मो असलम, खलील अहमद, संजय आदि मौजूद थे।

# पावनी की मेहनत रंग लाई, नवोदय विद्यालय में चयन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। ग्रामसभा बैकुंठपुर स्थित राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल की छात्रा पावनी सरकार का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। पावनी के चयन पर परिवार मे खुशी की लहर शिक्षकों और अभिभावकों ने खुशी व्यक्त



की। ग्रामसभा बैकुंठपुर निवासी विष्णुपद सरकार की पुत्री पावनी सरकार राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल में कक्षा छह मे अध्ययन कर रही है। शुरूआती दौर से ही पढ़ने में मेधावी रही पावनी सरकार ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से जवाहर नवोदय की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। पावनी ने बताया कि उसकी कामयाबी में उनके पिता और शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा और आगे बहुत अच्छे से पढ़ लिखकर डॉक्टर बनना है। उसने बताया कि उसके पिता प्रतिदिन प्रातः चार बजे उठकर उसे नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी नियमित करवाते थे। विद्यालय के संस्थापक नारायण सरकार ने पावनी के चयनित होने पर हर्ष जताते हुए उसकी उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रबंधक गोविंद सरकार, प्रधानाचार्या रिंकी सरकार, प्रदीप भट्टाचार्य, सुलता मंडल, पायल मंडल, सुखदेव बाला, इंदिरा मिस्त्री, पूजा मंडल आदि मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर महाविद्यालय में धरना शुरू

सितारगंज(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय सिसौना, सितारगंज में पांच सूत्रीय मांगों को लेकर छात्र अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गये है। इस दौरान हुई सभा मे बोलते हुये छात्र संघ कोषाध्यक्ष तुषार शर्मा ने कहा कि जब तक उनकी पांच मांगे



पूरी नहीं होगी, तब तक धरना चालू रहेगा। जिसके बाद उन्होंने महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर धरने पर बैठने वालों में अजय सरकार, विशाल, सुमन हालदार, मनीषा, राजेश, अरमान, अमन, संदीप आदि छात्र रहे।

# स्वास्थ्य सेवाएं दुरूस्त करने के लिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। पूर्व दर्जामंत्री बिट्टू कर्नाटक ने उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर बेस चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाएं सुधारने की मांग की।ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि 5 अक्टूबर को टाटिक हैलीपैड के निकट प्रात: 9 बजे एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी जिसमें 7 स्कूल के बच्चे जो संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने जा रहे थे गम्भीर रूप से घायल हो गये।घायलों को तत्काल मेडिकल कालेज अल्मोडा ले जाया गया जहां भारी अव्यवस्थाओं के बीच तीन बच्चों को तत्काल हायर सेन्टर रेफर किया गया। मेडिकल कालेज में न तो एम्बुलेंस की व्यवस्था हो पायी और न ही बच्चों को एयर लिफ्ट किया जा सका।दो बच्चों को लगभग तीन घंटे के बाद एम्बुलेंस की दयनीय स्थिति के कारण और एक बच्चे को काफी विलम्ब के बाद जब किसी प्रकार एम्बुलेंस की व्यवस्था नहीं हो पायी तो निजी एम्बुलेंस से हायर सेन्टर ले जाया गया।कुमांऊ के पर्वतीय क्षेत्र के लिये अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था के दावे के साथ सरकार ने मेडिकल कालेज अल्मोडा संचालित तो कर दिया लेकिन लोग अब भी अपनी जिन्दगी को बचाने के लिये मैदानी क्षेत्रों का रूख कर रहे हैं।तीनों बच्चों के सिर पर गहरी चोट थी यदि न्यूरोलॉजिस्ट की तैनाती की गयी होती तो रेफर करने की आवश्यकता नहीं पड़ती।गम्भीर घायल बच्चों की जिन्दगी के साथ इस तरह का व्यवहार सोचनीय है।इस भीषण हादसे के



बाद बेस चिकित्सालय मेडिकल कालेज अल्मोड़ा की अव्यवस्थायें देखने को मिली।यदि हायर सेंटर रेफर करने के बाद रास्ते में कोई अप्रिय घटना घटित हो जाती तो इसके लिये किसे जिम्मेदार माना जायेगा स्वास्थ्य मंत्रालय अथवा स्वास्थ्य विभाग। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि प्राथमिकता के आधार पर विशेष रूचि लेते हुये तत्काल अल्मोडा में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था हेतु व्यवस्थायें सुचारू करने का कष्ट करेंगे ताकि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो।तत्काल मेडिकल कालेज में न्यूरो सर्जन, हृदय रोग विशेषज्ञ की तैनाती तथा अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की जाय। मेडिकल कालेज में लगभग 12 एम्बुलेंस की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से की जाये।ट्रामा सेन्टर तत्काल खोले जाने की स्वीकृति प्रदान की जाय।गम्भीर रोगियों को आपातकाल में एअर एम्बुलेंस से एयर लिफ्ट कर तत्काल हायर सेन्टर ले जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय ।राज्य की 108 सेवा का पुर्नगठन कर उन्हें सम्पूर्ण सुविधाओं से सुसज्जित किया जाय।मेडिकल कालेज अल्मोडा में प्रशिक्षित कर्मचारियों की तत्काल नियुक्ति की जानी अति आवश्यक है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपेक्षा की है कि अल्मोडा की जनता के हित में उपरोक्त कार्य तत्काल किये जाने के कठोर आदेश स्वास्थ्य मंत्रालय तथा विभाग को निर्गत करने का कष्ट करेंगे।इस अवसर पर भूपेन्द्र भोजक,हेम जोशी, प्रकाश सिंह, मुकेश लटवाल,सुधीर कुमार,हसन अंसारी,रमेश चंद जोशी, चंदन सिंह,रोहित शैली,हिमांशु कनवाल, अशोक सिंह सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

# रामलीला मंचन के लिए श्री राम को भेंट किया प्रथम निमंत्रण पत्र

गदरपुर (उद संवाददाता)।श्री रामलीला कमेटी अनाज मंडी गदरपुर के पदाधिकारियों ने बुध बाजार स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में एकत्र होकर श्री रामलीला मंचन का प्रथम निमंत्रण पत्र प्रभु श्री राम को भेंट किया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने प्रभु श्री राम को निमंत्रण देते हुए अरदास की कि 12 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले श्री रामलीला के प्रारंभ से और 24 अक्टूबर विजय दशमी तक मंचन को निर्विघ्न संपन्न कराएं तथा नाट्य कला परिषद एवं महावीर दल



के सभी सदस्यों को यह कार्य सम्पन्न कराने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर पुजारी विजय , रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र बजाज,महामंत्री अशोक धीर,कोषाध्यक्ष कृष्ण लाल अनेजा ,महावीर दल के अध्यक्ष परवीन गग्नेजा,राजू कुमार ,रविंद्रवीरसिंह आदित्य सुखीजा,निर्मल नारंग,अनमोल भुड्डी,श्याम सुंदर कालरा,राजू शर्मा सहित काफी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया पालिकाध्यक्ष कोली का जन्म दिन

किच्छा( उद संवाददाता)। नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन सिंह कोली का जन्मदिन उनके निवास पर हर्षोल्लास से मनाया गया इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने केक काटकर



नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन सिंह कोहली को जन्मदिन की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में नगर का चौमुखी विकास हो रहा है आज उनका जन्मदिन विकास के नाम पर समर्पित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर तमाम नगर पालिका कर्मचारी गण कांग्रेस कार्यकर्ता तथा सामाजिक संगठनों के तमाम लोगों द्वारा दर्शन सिंह कोली को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई। पालिका अध्यक्ष दर्शन सिंह कोहली ने सभी लोगों का धन्यवाद आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं, नगर की जनता द्वारा जो प्रेम उन्हें दिया गया है उसका कोई मोल नहीं दिया जा सकता है ।उनके जीवन का लक्ष्य है कि नगर वह आसपास के क्षेत्र की जनता का विकास होता रहे। तथा आम जनता को किसी भी प्रकार असुविधा ना हो, यही उनके जन्मदिन का तोहफा होगा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है कि आगे भी नगर पालिका क्षेत्र के विकास में उनका योगदान बना रहे तथा आम जनमानस का आशीर्वाद मिलता रहे। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दर्शन सिंह कोली द्वारा नगर में विकास के कार्य करके आम जनता को राहत दी है ।इस अवसर पर मुख्य रूप से नजाकत खान, हाजी सरवर यार खान, गुलशन सिंधी, दुर्गेश गुप्ता, मेजर सिंह, ताहिर ,नितिन शर्मा, जितेंद्र सिंह संधू, आरिफ कुरैशी, धर्मेंद्र सिंधी, नगर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष एन यू खान, राजू कोहली,सभासद अफसर कुरैशी, तौसीफ अंसारी, सभासद राजकुमार कोली, विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ प्रवीण सैनी, ओमप्रकाश दुआ, दलजीत सिंह , सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# अग्रवाल सभा में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री अग्रवाल सभा एवं श्री अग्रवाल युवा संगठन द्वारा आज श्री अग्रवाल धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन जयंती सप्ताह कार्यक्रम के तहत नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कृष्णा हास्पीटल एण्ड क्रिटिकल केयर सेंटर के वरिष्ठ चिकित्सकों डा. गौरव अग्रवाल, डा.रूबी गुप्ता, डा. रॉबिन जिंदल, डा. सीबी सिंह,, डा. पारस अग्रवाल ने सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर नि:शुल्क दवाईयां वितरित कीं। इस दौरान अमित जिंदल, विनय बंसल, सूरज अग्रवाल, विकास जिंदल, मोहित अग्रवाल, श्रीओम अग्रवाल, आयुष गर्ग, ध्रुव सिंघल, पुल्कित गर्ग, सिद्धार्थ अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, अनिकेत गोयल, मुकुल मित्तल, अंकित अग्रवाल, वैभव मित्तल, अमन अग्रवाल, वत्सल अग्रवाल, अमन मित्तल, शोभित



जिंदल, शुभम गर्ग, अनुज अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, हिमांशु जिंदल, प्रवेश अग्रवाल, राहुल बंसल, गौतम रूंगटा, नितेश गुप्ता, नरेन्द्र बंसल आदि मौजूद थे।



## पेज एक का शेष...

**विधायक के रिश्तेदार की हत्या...**सिंह की हत्या कर शव गांव में ही स्थित कुछ दूरी पर नहर में फेंक दिया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक गोविन्द फर्त्याल के खेत से कुछ दिन पहले काटे गये पेड़ों को लेकर वह गांव के लड़को पर ही शक कर रहे थे जिन पर शक किया जा रहा था उनमें से एक मेरा भाई संतोष उर्फ सोडी भी था । उसने बताया कि 7 अक्टूबर को को जब मैं टैम्पू से लगभग सवा सात बजे अपने घर पहुंचा , जब मै घर पहुँचा तो मेरी माँ किचन मे सब्जी काट रही थी तथा हमारे मकान की छत पर गोविन्द फर्त्याल था तथा अपमानजनक बातें कर अपने कटे पेड़ो के पैसे मांग रहा था। मैने उससे गाली गलोज न करने को कहा पर वह नही माना तथा मेरे सामने ही मेरी माँ को गाली गलोज करने लगा माँ को गाली देता देख मुझे अच्छा नही लगा। मेरी गोविंद सिंह से बहस हो गई इसी बीच मैने उसे छत से जहाँ पर वो खड़ा था नीचे को धक्का दे दिया जिससे वह सीड़ियो पर गिर गया तथा उसे चोट लग गई । मै डर गया कि हल्ला गुल्ला कोई सुन न लें तथा मैने उसे किचन में खींच लिया हमारा झगड़ा देखकर माँ किचन से अपने कमरे को चली गई थी । गोंवद सिंह किचन मे ही बड़बड़ा रहा था वह हमें गालिया दे रहा था । इसी बीच मेरा छोटा भाई भोपाल बिष्ट उर्फ घन्नु जो कि भतरोजखान होटल मे काम करता है भी घर आ गया था । उसने भी गोविंद सिंह को गालिया देते देखा तथा माँ को गाली देने की बात सुनी तो उसे भी गुस्सा आ गया फिर मैने व मेरे भाई भोपाल सिंह ने लात घुसो से गोविन्द फर्त्याल को पीटा तथा उसके सिर को फर्श पर पटक दिया जिससे वो अचेत हो गया । हम डर गए थे हमे लगा कि यदि यह ठीक हो गया तो यह हमारी शिकायत करेगा हम दोनो भाई इसे घसीटते हुए मकान के पीछे तरफ खेत से होते हुए बरसाती नाले के नीचे नहर के उपर ले गये थे। इस दौरान घसीटने से गोविंद सिंह का लोवर व बनियान उतर गयी थी तथा अन्डर वियर भी उतर गया था । फिर मैने नहर की दीवार पर उसे लेटाकर चैक किया उसके मुँह पर पानी के छीटे मारे तो के शरीर मे कोई हलचल नही हुई । इस बीच मेरा भाई घन्नु नहर से नीचे कूदकर घर को चला गया था तथा मैने भी गोविंद सिंह को धक्का देकर नहर मे डाल दिया और घर को चला गया । हमने उसके शव को नहर मे इसलिए डाला ताकि वह पानी के साथ बह जाए तथा किसी को कुछ पता न चले । एसपी सिटी ने बताया कि इस मामले में पुलिस टीम ने मृतक के कपड़े, टॉर्च एवं मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस टीम को एसपी द्वारा 2500 का इनाम देने की घोषणा भी की गई है साथ ही आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

**गोदाम में आग ...**कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया। मामले की सूचना दमकल विभाग को देने के साथ ही कर्मचारियों ने आग बुझाने की कोशिश शुरू कर दी। थोड़ी देर में ही दमकल विभाग के दो वाहन भी आ पहुंचे और उन्होंने जनसहयोंग से आग बुझाने का काम तत्परता से शुंरू कर दिया। काफी मशक्कत के पश्चात आग पर काबू पाया जा सका। प्रतिष्ठान स्वामी ने बताया कि आग की इस घटना में काफी नुकसान होने की संभावना है। जिसका आंकलन बाद में किया जायेगा।

**हादसे में सेना के ...**गया जहां सेना के कैप्टन गोमती नगर लखनऊ निवासी श्रृजन पाण्डे को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर लिया। श्री पाण्डे साढ़े तीन साल पहले क्लेमेंटटाउन में तैनात हुए थे। वहीं, घायल साथी सिद्धार्थ मेनन का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**दहेज लोभियों ने ...**की 3 नवंबर को रात्रि लगभग 10:00 बजे जब वह अपने मायके में थी इसी दौरान उपरोक्त सभी आरोपी अचानक घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने दोनों पक्षों को समझा बूझाकर शांत किया। इस घटना के बाद पीड़िता बलवीर सिंह यादव के मकान में नया आवास विकास में रहने लगी। आप है कि बीते 9 जुलाई की रात्रि 10:00 बजे एक बार फिर से दहेज लोभी ससुराल वालों ने विवाहिता को घर में घुसकर मारपीट करते हुए डिमांड पूरी न होने की स्थिति में जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 498 ए, 323, 504, 506 आईपीसी के अलावा 3/4 दहेज अधिनियम के अंतर्गत अभियोग दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

**राधा स्वामी सत्संग...** लिया। एसपी सिटी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी एक शातिर एवं चोरी का अभ्यस्त अपराधी है। जिसके कब्जे से पूर्व मे जनपद में चोरी के एक दर्जन से अधिक अभियोग दर्ज है एवं अभियुक्त से उक्त अभियोगों से सम्बन्धित चोरी की मोटर साईकिलें बरामद की गयी है एवं अभियोगों में अभियुक्त की दोषसिद्धी हुई है।

**दवाई लेकर लौट...**के शव को कब्जे में लेते हुए उसे अंत्य परीक्षण के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेजा जहां से पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को पुलिस द्वारा परिजनों के हवाले कर दिया गया। मृतक दो भाई तीन बहन है। उसके एक बहन की शादी हो चुकी है। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है।

# तलाकशुदा को शादी का झांसा देकर किया दुराचार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। तलाकशुदा महिला को शादी का झांसा देकर एक व्यक्ति द्वारा अपने घर ले जाकर उससे दुरारचार करने का मामला सामने आया है। आरोपी के माता पिता द्वारा उससे पांच लाख की दहेज मांग कर उसे घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने मामले की रपट दर्ज करा दी है। दर्ज रपट में पीड़िता ने कहा है उसका पूर्व पति से तलाक हो गया था । जिसके बाद उसकी जान पहचान सर्वजीत सिंह पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम बिन्दुरखेडा से हुई जो उसे अपने घर बिन्दूखेड़ा ले जाकर अपनी माता कुलवन्त कौर और अपने पिता शेर सिंह से मिलवाया और उस पर विवाह के लिए दबाव डालने लगा। सर्वजीत सिंह तथा उसके परिवार वाले उसे अपनी बहु मानने लगे। पीड़िता का कहना है सर्वजीत सिंह अपना विवाह कोर्ट में कराने के लिए 10 मई को उसे रूद्रपुर कोर्ट में ले गया और विवाह का कागज बनवाया और उसे यह विश्वास दिलाया कि वह उसकी विधिवत पत्नी हो गयी है । सर्वजीत ने उसके के साथ पति पत्नी का सम्बन्ध स्थापित कर लिया और बलात्कार भी करता रहा। 15 जून को सर्वजीत सिंह की माता और पिता उसे अपने घर से निकल जाने के लिए कहने लगे और मायके से पाँच लाख रूपया दहेज लाकर देने के लिए कहने लगे । जिसमे सर्वजीत सिंह भी सहयोग करने लगा। और धमकी दी तुम घर छोड़ कर भाग जाओ नही तो तुम को जान से मार देगें ।सर्वजीत सिंह कहने लगा कि वह दूसरी शादी करेंगा क्योंकि वहाँ से मुझे अच्छा दहेज मिल रहा है । मना करने पर उक्त लोगों ने उसे लात घूसों से मारना पीटना शुरू कर दिया और घर से भगा दिया किसी तरह से वह अपने मायके पहुंची । पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# एकल हरि मन्दिर रथ योजना के कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सीएम कोश्यारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा आयोजित एकल हरि मन्दिर रथ योजना केन्द्रीय नैपुण्य वर्ग उत्तर क्षेत्र के दो दिवसीय समापन समारोह द्रोण ग्रुप ऑफ कॉलेज रूद्रपुर में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने पहुंचकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। दो दिन चले इस वर्ग में आर०एस०एस० के वरिष्ठ प्रचारकों एवं भारत लोक शिक्षा परिषद के अधिकारी वर्ग के अलावा शहर के गणमान्य लोगों ने भागीदारी की। जिसमे वरिष्ठ प्रचारक आर०एस०एस० एवं केन्द्रीय सह मंत्री विहिप स्नेह पाल,स्वामी शिवानन्द जी महाराज, नरेन्द्र जी प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख आर०एस०एस०,दीप कुमार केन्द्रीय सह अभियान प्रमुख, अखिल गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत लोक शिक्षा परिषद्, पूर्व शिक्षा मंत्री एवं विधायक गदरपुर अरविंद पाण्डे,योगेश जिंदल,अमरनाथ जोशी संभाग प्रभारी ,झम्मन लाल शर्मा प्रभारी हरि मन्दिर रथ योजना, श्रीमत्ति शांति पांडेय प्रभाग उपाध्यक्ष ,विजय भूषण गर्ग, हरीश बजाज, अंजुल त्यागी, भुवन पाण्डे, किशोरशर्मा,भारतभूषण चुघ,दिनेश भारद्वाज,प्रमोद कुमार,मनोहर लाल, अग्निहोत्री जी,गार्गी चौहान ,सरोतम शर्मा, दिनेश कपूर,अरविंद कन्नौजिया, कुलवीर सिंह,ताराचंद अग्रवाल,अतुल पाण्डे, हरनाम चौधरी,राजू गाबा,अजय तिवारी, अभिषेक अग्रवाल,विनय बतरा,कुशल अग्रवाल विनय मिश्रा ,श्रीमती नरेश छाबड़ा ,अभिनव छाबड़ा,एडवोकेट श्रीमती पूजा शर्मा ,श्रीमती शैली बंसल सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद थे।













# चोरी के जेवरात सहित तीन शातिर चोर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लोगों के घरों की रेकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर चोरों को पुलिस ने चोरी के जेवरात सहित गिरफ्तार कर लिया है। मामले का खुलासा करते हुए एस एस पी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि 29 सितंबर को बसन्त कुमार पुत्र स्व. हर स्वरुप निवासी उदयलालपुर आरटीओ रोड, कुसुमखेडा द्वारा घर में हुई चोरी के संदर्भ में मुखानी थाना में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी विवेचना उनि. प्रीती द्वारा की जा रही थी। उन्होंने बताया कि मामले के शीघ्र खुलासे एवं माल बरामदगी के लिए रमेश बोहरा थानाध्यक्ष मुखानी के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन कर आवश्यक कार्यवाही शुरू की गयी। पूछताछ एवं घटना के आस-पास कई सीसीटीवी कैमरे खंगाले गये। जिसके पश्चात चौकिंग के दौरान पुलिस टीम ने 3 संदिग्ध व्यक्तियों को गोविन्दपुर गढवाल बगीचे के पास से मय चोरी किये गये माल सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम पता उज्जवल पुत्र नारायण परगाई निवासी जीतपुर नेगी देवलचौड़, सुभाष दिवाकर पुत्र अशोक दिवाकर निवासी देवलचौड़ तथा विजेन्दर कुमार उर्फ कन्नू पुत्र दयाकिशन निवासी ग्राम हरिनगर अक्सोड़ा मुक्तेश्वर हाल राजपुरा बताया। तलाशी लेने पर उनके पास से एक जोड़ी पौची,एक बडा मंगलसूत्र, एक जोड़ी कंगन तथा एक जोड़ी पायल बरामद हुई। पकड़े गए चोरों ने बताया कि वह दिन में बंद घरो की रैकी करते है और रात में बंद घरो के ताले तोड़कर सोना-चॉदी एवं नगदी पैसा चोरी करते हैं। सोने-चॉदी के आभूषणों को बेच देते हैं एवं रूपयों को आपस में बांटकर अपनी जरूरतों को पूरा करते है। उनका कहना था कि 26 सितम्बर को भी रात में एक बंद घर में चोरी की थी जहां हमें सोने-चांदी का बहुत ज्यादा माल मिल गया था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना मुखानी के थानाध्यक्ष उनि. रमेश सिंह बोहरा, उनि. अनिल कुमार, चौकी प्रभारी आम्रपाली, उनि. प्रीती, चौकी प्रभारी आरटीओ रोड, कानि. रविन्द्र खाती, महबूब अली, चन्दन सिंह, मनीष उप्रेती, सुनील आगरी, एसओजी के प्रभारी उनि राजवीर सिंह नेगी, हेकानि. त्रिलोक सिंह, कानि। भानु प्रताप, कोतवाली व सीसीटीवी के उनि. रविन्द्र राणा, हेकानि. इसरार नवी शामिल थे।





# लगाए गए लाल निशान हटाएगा लोक निर्माण विभाग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लोक निर्माण विभाग द्वारा अतिक्रमण चिन्हीकरण का कार्य जो कुछ दिन पूर्व किया गया था जिसके अनुक्रम में विभाग द्वारा बिना अभिलेखीय जांच के निशान लगाते हुए चिन्हीकरण किया गया था। उक्त चिन्हीकरण से प्रभावित जन मानस द्वारा प्राप्त शिकायतो का संज्ञान लेते हुए नगर निगम महापौर डॉ जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग से संबंधित प्रकरण की जानकारी चाही तो विभाग द्वारा अपनी त्रुटि स्वीकारते हुए पूर्व में जारी समस्त नोटिस के अनुक्रम में किए चिन्हीकरण को निरस्त करते हुए आम जनमानस से हुई मानसिक क्षति हेतु खेद व्यक्त किया। पूर्व में जारी समस्त नोटिस के अनुक्रम में विभाग द्वारा नोटिस निरस्तीकरण की सूचना प्रेषित की जाएगी तथा लाल रंग से लगाए गए चिन्ह को हटाया जाएगा। उक्त कार्यवाही में सहयोग के लिए जिलाध्यक्ष भाजपा प्रताप बिष्ट का लोगों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



